पंजाब केसरी
MON,20 JULY 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

# परीक्षा पैटर्न में बदलाव, शिक्षा बोर्ड ने जारी किए नए आदर्श प्रश्न पत्र

धर्मशाला, 19 जुलाई (ब्यूरो) : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आगामी मार्च-2027 में होने वाली बोर्ड परीक्षाओं को लेकर एक बड़ा और महत्वपूर्ण बदलाव किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और परख के नियमों के तहत कक्षा जमा एक और दो की परीक्षाओं के लिए योग्यता आधारित आदर्श प्रश्न पत्र और अंक विभाजन तैयार कर लिए गए हैं।

विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुविधा के लिए बोर्ड ने इन्हें अपनी आधिकारिक वैबसाइट पर उपलब्ध करवा दिया है। इसके साथ ही जिन व्यावसायिक विषयों के सिलेबस में बदलाव किया गया था, उनके भी नए मॉडल पेपर तैयार किए गए हैं, ताकि समय रहते छात्र नई परीक्षा प्रणाली को समझ सकें।

यही नहीं, बोर्ड ने कक्षा 5वीं के पाठ्यक्रम में हुए बदलाव को देखते हुए ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन दोनों तरह के स्कूलों के लिए नए मॉडल प्रश्न पत्र जारी किए हैं। इनका मुख्य उद्देश्य छात्रों को परीक्षा के नए पैटर्न से रू-ब-रू करवाना और शिक्षकों का मार्गदर्शन करना है। छात्र और शिक्षक इन प्रश्न पत्रों को बोर्ड की वैबसाइट सैक्शन में जाकर विषयवार और कक्षावार देख सकते हैं।



“ शिक्षा बोर्ड परीक्षा प्रणाली को राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप अधिक दक्षता आधारित, विद्यार्थी–केंद्रित और वैचारिक (कन्सैप्चुअल) बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। इन मॉडल प्रश्न पत्रों और मार्किंग स्कीम की मदद से विद्यार्थियों को परीक्षा की बेहतर तैयारी करने में मदद मिलेगी। साथ ही शिक्षक भी नई मूल्यांकन प्रणाली के हिसाब से बच्चों को और बेहतर पढ़ा सकेंगे। सभी स्कूलों, शिक्षकों और छात्रों से आग्रह है कि वे आगामी परीक्षाओं की तैयारी के लिए इनका ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें।

– डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड

Dainik Jagran 20-07-2026

# बोर्ड आदर्श प्रश्नपत्र वेबसाइट पर उपलब्ध

**जागरण संवाददाता, धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं परख वर्गीकरण के अनुरूप मार्च-2027 में आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के लिए कक्षा जमा एक एवं जमा दो के योग्यता आधारित आदर्श प्रश्न-पत्र एवं अंक विभाजन तैयार कर बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिन व्यावसायिक विषयों के पाठ्यक्रम में संशोधन किया है, उन विषयों के नवीन पाठ्यक्रम के अनुरूप आदर्श प्रश्न-पत्र भी तैयार किए हैं।



इस मौके परर डा. शर्मा ने बताया कि कक्षा पांचवीं के पाठ्यक्रम में हुए परिवर्तन को दृष्टिगत रखते हुए ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन विद्यालयों में आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिए भी आदर्श प्रश्न-पत्र तैयार किए हैं। इन प्रश्न-पत्रों का उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा के स्वरूप से परिचित कराना व शिक्षकों को शिक्षण एवं मूल्यांकन प्रक्रिया में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना है। प्रदेश के विद्यार्थियों एवं अध्यापकों की सुविधा के लिए सभी आदर्श प्रश्न-पत्र एवं अंक विभाजन विषयवार एवं कक्षावार बोर्ड की वेबसाइट में उपलब्ध हैं। बोर्ड अध्यक्ष ने सभी विद्यालयों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से इनका अधिकतम उपयोग करते हुए आगामी परीक्षाओं की तैयारी करने का आग्रह किया।

डा. शर्मा ने कहा कि शिक्षा बोर्ड परीक्षा प्रणाली को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप अधिक दक्षता आधारित, विद्यार्थी-केंद्रित एवं अवधारणात्मक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। आदर्श प्रश्न-पत्रों एवं अंक विभाजन की उपलब्धता से विद्यार्थियों को परीक्षा की बेहतर तैयारी करने में सहायता मिलेगी तथा शिक्षकों को भी नवीन मूल्यांकन प्रणाली के अनुरूप शिक्षण कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने में सहयोग प्राप्त होगा।


डिजिटल अखबार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज़
19 जुलाई, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com
पहली नजर
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए डिजिटल न्यूज़ पेपर पहली नजर के साथ

# मार्च-2027 परीक्षाओं हेतु आदर्श प्रश्न-पत्र एवं अंक विभाजन बोर्ड वेबसाइट पर उपलब्ध

पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ( NEP-2020 ) एवं परख टैक्सनोमी के अनुरूप मार्च-2027 में आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के लिए कक्षा जमा एक एवं जमा दो के योग्यता आधारित ( कॉम्पिटेंसी बेस्ड ) आदर्श प्रश्न-पत्र ( मॉडल क्वेश्चन पेपर्स ) एवं अंक विभाजन ( मार्किंग स्कीम ) तैयार कर बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि जिन व्यावसायिक ( वोकेशनल ) विषयों के पाठ्यक्रम में संशोधन किया गया है, उन विषयों के नवीन पाठ्यक्रम के अनुरूप आदर्श प्रश्न-पत्र भी तैयार किए गए हैं, ताकि विद्यार्थी एवं शिक्षक संशोधित परीक्षा प्रणाली के अनुसार समय रहते अपनी तैयारी कर सकें।




डॉ. शर्मा ने बताया कि कक्षा पांचवीं के पाठ्यक्रम में हुए परिवर्तन को दृष्टिगत रखते हुए ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन विद्यालयों में आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिए भी आदर्श प्रश्न-पत्र तैयार किए गए हैं। इन प्रश्न-पत्रों का उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा के स्वरूप से परिचित कराना तथा शिक्षकों को शिक्षण एवं मूल्यांकन प्रक्रिया में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के विद्यार्थियों एवं अध्यापकों की सुविधा के लिए सभी आदर्श प्रश्न-पत्र एवं अंक विभाजन विषयवार एवं कक्षावार बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट [ www.hpbose.org ] के डाउनलोड विकल्प में उपलब्ध हैं। बोर्ड अध्यक्ष ने सभी विद्यालयों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से इनका अधिकतम उपयोग करते हुए आगामी परीक्षाओं की तैयारी करने का आग्रह किया।

## विद्यार्थियों को परीक्षा की बेहतर तैयारी करने में मिलेगी सहायता

डॉ. शर्मा ने कहा कि शिक्षा बोर्ड परीक्षा प्रणाली को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप अधिक दक्षता आधारित, विद्यार्थी-केंद्रित एवं अवधारणात्मक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। आदर्श प्रश्न-पत्रों एवं अंक विभाजन की उपलब्धता से विद्यार्थियों को परीक्षा की बेहतर तैयारी करने में सहायता मिलेगी तथा शिक्षकों को भी नवीन मूल्यांकन प्रणाली के अनुरूप शिक्षण कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने में सहयोग प्राप्त होगा।

# Model Question Papers and Marking Schemes for March 2027 Exams Available on Board Website




SANJAY AGGARWAL

DHARAMSHALA JUL 19 : Dr. Rajesh Sharma, Chairman of the Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE), Dharamshala, announced that competency-based model question papers and marking schemes for Class 11 and Class 12 aligned with the National Education Policy 2020 (NEP-2020) and PARAKH Taxonomy have been prepared and made available on the Board's official website for the board examinations scheduled for March 2027. He stated that model question papers have also been prepared based on the revised syllabi for vocational subjects, enabling students and teachers to prepare well in advance according to the revised examination system. Dr. Sharma noted that, in light of the changes made to the Class 5 curriculum, model question papers have also been prepared for examinations conducted in both summer-closing and winter-closing schools. The objective of these question papers is to familiarize students with the exam format and provide teachers with necessary guidance regarding the teaching and assessment processes. He mentioned that, for the convenience of students and teachers across the state, all model question papers and marking schemes categorized by subject and class are available under the 'Download' section of the Board's official website [www.hpbose.org]. The Board Chairman urged all schools, teachers, and students to make the most of these resources while preparing for the upcoming examinations. Dr. Sharma stated that the Education Board is continuously striving to align the examination system with the National Education Policy 2020, making it more competency-based, student-centric, and conceptual in nature. The availability of these model question papers and marking schemes will assist students in preparing effectively for the exams and help teachers make their instruction more impactful in line with the new assessment system.

The Sunny Times

# HPBOSE SHIFTS TO SKILL-BASED EXAMS: NEW MODEL PAPERS LIVE FOR CLASSES 5, 11, AND 12

***Sunny Mahajan | Dharamshala***



The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) is giving students and teachers plenty of runway to brace for the future of exams. In a major step toward rolling out the National Education Policy (NEP-2020) and the PARAKH guidelines, the board has officially dropped the brand-new, competency-based model question papers and marking schemes for the upcoming March 2027 finals. Board Chairman Dr. Rajesh Sharma confirmed that the fresh blueprints for Class 11 (Plus One) and Class 12 (Plus Two) are already live and ready for download.

This isn't just a standard annual update; it is a fundamental shift away from rote learning toward concept-heavy, real-world testing. Even vocational subjects that recently underwent a curriculum makeover have received tailored model papers, ensuring nobody is left scratching their head when the modified exam pattern hits. Dr. Sharma also highlighted that Class 5 students haven't been forgotten, as new evaluation formats are locked and loaded for both summer and winter-closing schools to help younger kids ease into the updated exam structure.

The main goal here is to strip away the pre-exam anxiety for students while handing teachers a precise roadmap for the new evaluation era. Educators and students across the state can instantly access these subject-wise blueprints under the 'Download' tab on the official board portal at www.hpbose.org. HPBOSE is clearly trying to make the state's examination system more student-centric and efficiency-driven, and the board chief is urging everyone to dive into these resources immediately to ensure they are ahead of the curve.